पटना में एक साथ स्मार्ट सिटी की 10 नयी योजनाओं को मिली मंज़ूरी

चर्चा में क्यों

13 जून, 2023 को नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव सह पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के चेयरमैन अरुनीष चावला की अध्यक्षता में हुई पटना स्मार्ट सिटी की 26वीं निदेशक मंडल की बैठक में पटना स्मार्ट सिटी की 10 नयी योजनाओं को मंज़ूरी दी गई।

प्रमुख बिंदु

- नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने बताया कि एबीडी एरिया में आने वाले पुलों और फ्लाइओवर के नीचे आने वाले क्षेत्र का गैबियन और ग्रीन बेल्ट का विकास किये जाने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई। इस कार्य को वन विभाग के द्वारा कराया जाएगा।
- बैठक में पटना स्मार्ट सिटी को सेल्फ सस्टेनेबल बनाने के लिये आईसीसीसी के विभिन्न कंपोनेंट्स का रेवेन्यू मॉडल बनाने के लिये प्रस्तावित आरएफपी और एनआईटी को प्रकाशित करने की स्वीकृति दी गई। आईसीसीसी के कंपोनेंट्स जैसे वैरिएबल मैसेज डिस्प्ले (वीएमडी), पीएएस (पब्लिक एड्रेसल सिस्टम) ओएफसी को रेवेन्यू मॉडल के अनुरूप दिये जाने को मंज़ूरी मिली है।
- द्वितीय गंगा रिवर बेसिन प्रोजेक्ट के तहत मिले परफॉर्मेंस बेस्ड इंसेंटिव से ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के ऑटोमेशन को मंज़ूरी मिली और पंपिंग स्टेशन के आईसीसीसी से एकीकृत किये के जाने के प्रस्ताव पर मंज़ूरी दी गई।
- स्मार्ट सिटी की इन 10 नयी योजनाओं को मिली मंज़ूरी–
  - मीठापुर इलाके में कॉमन फैसिलिटी का विकास
  - पटना स्मार्ट सिटी के एबीडी क्षेत्र की ड्रोन टेक्नोलॉजी माध्यम से थ्री डी मैपिंग कर आइट्रिपलसी से एकीकरण
  - पटना जंक्शन के समीप शहरी यातायात को ट्रैफिक इंजीनियरिंग से सुविधायुत्त सुगम बनाना
  - पटना जंक्शन के समीप बन रहे मल्टी मॉडल हब के लिये 30 इ-बस/सीएनजी बस का क्रय
  - घर-घर कचरा उठाव के लिये आवश्यकतानुसार सीएनजी वाहनों का क्रय
  - पटना शहर के स्ट्रीट लाइट के स्वचालन के लिये उसका आईट्रिपलसी से एकीकरण
  - मल्टी मॉडल हब, मौर्या लोक एवं अन्य स्थानों के लिये थ्रीडी एलइडी डिस्प्ले का अधिष्ठापन
  - पटना स्मार्ट सिटी के एबीडी में आने वाले फ्लाईओवर का सौंदर्यीकरण एवं इल्लुमिनेशन
  - मौर्यालोक परिसर का पब्लिक हैप्पनिंग प्लेस की तर्ज पर पुनर्विकास
  - गंगा पथ पर स्ट्रीट वेंडिंग ज़ोन एवं उससे जुड़ी सुविधाओं का विकास

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/10-new-schemes-of-smart-city-got-approval-in-patna